an>

Title: Need to improve BSNL mobile service in Buldhana Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री प्रतापराव जाधव (बुलढाणा) ः मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र बुलढाणा, महाराष्ट्र में बी.एस.एन.एल. द्वारा दी जा रही टेलीफोन सेवा की तरफ दिलाना चाहता हूं, जो बहुत ही खराब हो गई है। मेरे इस संसदीय क्षेत्र में बी.एस.एन.एल. के मोबाईल टावर बहुत ही कम हैं, जो हैं, वह खराब हैं। इन टावरों में जो उपकरण लगाये जाते हैं, खराब होने की स्थिति में वे भी नहीं मिल पाते हैं, जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाईल सिग्नल नहीं मिल पा रहे हैं और लोगों को मोबाईल कनेक्शन नहीं मिल पाते हैं। लैंडलाईन टेलीफोन भी ठीक तरह से काम नहीं करते हैं जो टेलीफोन खराब हो जाता है उसके ठीक करने में महीनों लग जाते हैं। ब्रॉडबैंड भी ठीक तरह से नहीं चलता है, जिसके कारण बैंको में इंटरनेट ठीक ढंग से नहीं चलने के कारण लोगों को बैंकों के लेन-देन के कार्य में काफी दिक्कत हो रही है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र बुलढाणा में बी.एस.एन.एल. की टेलीफोन व्यवस्था ठीक की जाये, पर्याप्त मात्रा में मोबाईल टावर लगाये जायें और ब्रॉडबैंड सेवा को दुरूस्त किया जाए, जिससे लोगों को असुविधा न हो सके।